हिंदी माध्यम
HINDI MEDIUM

# एडवांस हिंदी डिप्लोमा परीक्षा – 2024
# ADVANCE HINDI DIPLOMA EXAMINATION – 2024

प्रश्नपत्र-1 (खंड-क हिंदी भाषा तथा संरचना)(खंड-ख हिंदी काव्य)
**Question Paper–1 (Part-I Hindi Language and Structure) (Part-II Hindi Poetry)**

## पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग
## Department of Correspondence Courses
## केंद्रीय हिंदी निदेशालय
## Central Hindi Directorate

| | | |
|---|---|---|
| समय: 3 घंटे<br>Time : 3 Hours | प्रश्नपत्र–सह–उत्तरपत्र<br>(Question Paper-Cum Answer Sheet) | पूर्णांक : 100<br>Max. Marks : 100 |

नोट : कृपया सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर उनके उत्तर हिंदी में लिखें।
Note : Please read all the questions carefully and write down their answers in Hindi.

| परीक्षार्थी इस अंश को भरें<br>To be filled in by the Candidate | कार्यालय उपयोग हेतु<br>For Office Use Only |
|---|---|
| परीक्षा अनुक्रमांक<br>Exam. Roll No........................... | प्राप्तांक<br>Marks Obtained........................<br>परीक्षक के हस्ताक्षर<br>Sign. of Examiner........................ |
| दाखिला संख्या<br>Admission No............................ | परीक्षक का नाम व पदनाम<br>Name & Designation of Examiner<br>................................................ |
| परीक्षा केंद्र<br>Exam. Centre.............................. | निरीक्षक के हस्ताक्षर<br>Signature of Invigilator<br>................................................ |

## खंड–क हिंदी भाषा तथा संरचना

प्रश्न–1 बहुविकल्पीय प्रश्न। (10×½=5)

i) निम्नलिखित में से कौन एक संज्ञा शब्द नहीं है?

(क) चाँदी

(ख) आगरा

(ग) बुढ़ापा

(घ) सुंदर

ii) निम्नलिखित में से कौन एक अकर्मक क्रिया का उदाहरण है?

(क) रोना

(ख) पढ़ना

(ग) देखना

(घ) सुना

iii) मेरे मना करने पर भी वह आखिर हँस ही ........................।
(इसमें रंजक क्रिया से रिक्त स्थान की पूर्ति करें।)

(क) डाल

(ख) चुका

(ग) पड़ा

(घ) उठा

iv) दिए गए विकल्पों में से स्त्रीलिंग शब्द का चुनाव करें

(क) मोती

(ख) दही

(ग) धूप

(घ) घी

v) "दोनों एक दूसरे से बेहद प्रेम करते थे"– इस वाक्य में 'से' चिह्न किस कारक को संकेतित करता है?

(क) कर्म

(ख) अधिकरण

(ग) अपादान

(घ) करण

vi) ''परीक्षा' एकांकी में द्रोणाचार्य ने निम्नलिखित में से किसकी परीक्षा नहीं ली?

(क) भीम

(ख) दुर्योधन

(ग) युधिष्ठिर

(घ) अर्जुन

vii) ''चोर की दाढ़ी में तिनका' कहानी में जमींदार के घर कितने नौकर थे?

(क) 12

(ख) 14

(ग) 15

(घ) 19

viii) धोखा देने के अर्थ में सटीक मुहावरा है:

(क) दिल का ताड़ बनाना

(ख) एक पंथ दो काज

(ग) आँखों में धूल झोंकना

(घ) अपना उल्लू सीधा करना

ix) पृथ्वी के लिए सही पर्यायवाची है:

(क) कामिनी

(ख) वनिता

(ग) दामिनी

(घ) वसुधा

x) 'हेतुहेतुमद्' किस काल का एक भेद है

(क) भूतकाल ☐

(ख) वर्तमान काल ☐

(ग) भविष्यत् काल ☐

(घ) इनमें से कोई नहीं ☐

प्रश्न–2 अतिलघु उत्तरीय प्रश्नः (एक या दो वाक्यों में उत्तर दें) (1×10=10)

i) स्पर्श व्यंजन से क्या समझते हैं

.....................................................................................

.....................................................................................

ii) 'पंचानन' में कौन–सा समास है और क्यों?

.....................................................................................

.....................................................................................

iii) स्थानवाचक क्रियाविशेषण की परिभाषा देते हुए एक उदाहरण दें।

.....................................................................................

.....................................................................................

iv) चार ईकारांत पुल्लिंग शब्द बताएँ।

..............................................................................

..............................................................................

v) भगवान बुद्ध और अंगुलिमाल कहानी का संदेश क्या है?

..............................................................................

..............................................................................

vi) निजवाचक सर्वनाम के तीन उदाहरण लिखें।

..............................................................................

..............................................................................

vii) प्रेरणार्थक क्रिया किसे कहते हैं?

..............................................................................

..............................................................................

viii) संदिग्ध भूतकाल में क्रिया के संपादन का क्या रूप होता है?

..............................................................................

..............................................................................

ix) 'वृथा' क्रिया विशेषण का प्रयोग कर एक वाक्य बनाएँ।

..............................................................................

..............................................................................

x) 'निर्' उपसर्ग से बने तीन शब्दों के उदाहरण दें।

............................................................................................

............................................................................................

प्रश्न–3 लघु उत्तरीय प्रश्नः (प्रश्नों के उत्तर तीन वाक्यों में दें। (3×5=15)

i) बुद्ध के पत्ते तोड़ने और जोड़ने वाली बात का दार्शनिक पहलू क्या है?

............................................................................................

............................................................................................

............................................................................................

............................................................................................

............................................................................................

............................................................................................

............................................................................................

ii) ऐसे कौन–से उपसर्ग हैं जो शब्द को नकारात्मक भाव देते हैं? किन्हीं दो को उदाहरण देकर समझाएँ।

............................................................................................

............................................................................................

............................................................................................

............................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

iii) 'परीक्षा' शीर्षक एकांकी के आधार पर बताएँ कि एकांकी नाटक की रूपरेखा कैसी होती है?

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

iv) शब्दों के बीच अन्विति से क्या आशय है? अन्वितियाँ कितने प्रकार की होती हैं?

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................

v) संयुक्ताक्षर के रूप में 'र' के विभिन्न रूपों का उल्लेख करें।

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

प्रश्न–4 अधोलिखित अनुच्छेदों का पाठ कर प्रश्नों का उत्तर दें: (2×10=20)

प्रश्नों के उत्तर अधिकतम पाँच वाक्यों में दें।

1) "धर्म को मैं पुरुषों द्वारा पुरुषों के लिए उनकी सत्ता बनाए रखने के लिए गढ़े गए एक हथियार की तरह ही देखती हूँ। इसलिए यह पितृ सत्ता को पूरी तरह सुरक्षा देता है। आध्यात्मिकता को मैं धर्म से अलग रखती हूँ जिसमें कोई इंसान अपने भीतर अपना रिश्ता प्रकृति से यूनिवर्स से या किसी भी उच्च शक्ति से जोड़कर अपने आप को भला बनाए रखता है या वैश्विक मूल्य को केंद्र में रखकर जीता है। धर्म ने हमेशा युद्ध के लिए कोई सेना तैयार करने की जगह अपने आप को संगठित रखने का काम किया है ताकि उनका संख्या–बल, सत्ता मजबूत हो सके। इसके भीतर हमेशा स्त्रियों का जीवन दोयम दर्जे का ही रहा है। समाज, क्योंकि धर्म, धर्मग्रंथ आदि से इस तरह जकड़ा हुआ है कि धर्म संस्कृति की सुरक्षा के नाम पर इनको आधार बना कर स्त्रियों का निरंतर दमन करता है मैं धर्म को इस तरह देखती हूँ।"

ऊपर के गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।

i) लेखिका आध्यात्मिकता को धर्म की अपेक्षा अधिक स्वीकार्य क्यों मानती है? (5)

........................................................................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

ii) इस अनुच्छेद में वैश्विक मूल्यों से क्या अभिप्राय है? (5)

........................................................................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

.............................................................................

.............................................................................

.............................................................................

.............................................................................

.............................................................................

.............................................................................

2) व्याकरण एक व्यवस्था है भाषा को समझने की। लेकिन भाषा का मूल स्वभाव तो निरंकुश है इसलिए भाषा बार–बार नियमों का प्रतिकार करती है। वह पहाड़ी नदी की तरह यहाँ–वहाँ टकराती, उछलती–कूदती चलना चाहती है। व्याकरण भाषा के लिए पक्का तटबंध बनाना चाहता है लेकिन उफनती नदियाँ तो उसे भी तोड़ दिया करती हैं। भाषा और व्याकरण का यह संघर्ष सदियों पुराना है। इस संघर्ष में भाषा को बरतने वाले भी दो खेमों में जाते हैं। कुछ व्याकरण के मामले में उदार रहकर भाषा को अपने ढंग से फैलने फूलने देना चाहते हैं तो दूसरे भाषा को व्याकरण से तराश कर छीलकर बरतना चाहते हैं। सच कहिए तो भाषा को लेकर दोनों प्रकार के विचार अपने–अपने ढंग से सुंदर है। एक प्रकृति की गोद में फला–फूला जंगल है और दूसरा माली की काट–छाँट से बना उपवन।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम पाँच वाक्यों में दें।

i) आपके दृष्टिकोण में भाषा का कौन–सा रूप अधिक व्यावहारिक है, नैसर्गिक रूप या व्याकरण से अनुशासित रूप? कृपया अपने चुनाव का कारण भी बताएँ। (5)

.............................................................................

.............................................................................

.............................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

ii) व्याकरण के नियमों से स्वतंत्र रहते हुए चलने वाली भाषा के सामने क्या संकट हो सकते हैं? (5)

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

## खंड–ख हिंदी काव्य

प्रश्न–1 बहुविकल्पीय प्रश्न। (10×½=5)

i) परमाल रासो के रचनाकार हैं:

(क) चंदबरदाई ☐

(ख) नरपति नाल्ह ☐

(ग) जगनिक ☐

(घ) भट्टकेदार ☐

ii) वीरगाथा काल को आदिकाल कहने वाले विद्वान थे:

(क) सियारामशरण गुप्त ☐

(ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी ☐

(ग) गणपतिचंद्र गुप्त ☐

(घ) श्यामसुंदर दास ☐

iii) इनमें से कौन–सी रचना भवानी प्रसाद मिश्र की है?

(क) खुशबू के शिलालेख

(ख) यामा

(ग) अंधेरे में

(घ) सूर्य का स्वागत

iv) निम्नलिखित में से कौन एक ज्ञानमार्गी भक्ति शाखा से संबंध नहीं रखता?

(क) दादू

(ख) परमानंददास

(ग) मलूकदास

(घ) सुंदरदास

v) औरंगजेब के पुत्र मुअज्जम के दरबार में रहने वाला कवि था।

(क) घनानंद

(ख) बोधा

(ग) आलम

(घ) ठाकुर

vi) प्रताप नारायण मिश्र को आप हिंदी साहित्येतिहास के किस युग में रखेंगे?

(क) भारतेंदु युग

(ख) द्विवेदी युग

(ग) छायावाद युग

(घ) प्रगतिवाद युग

vii) 'कल्पना' पत्रिका का प्रकाशन कहाँ से होता था?

(क) मुंबई

(ख) चेन्नई

(ग) इलाहाबाद

(घ) हैदराबाद

viii) "फूलै कास सकल महि छाई जनु बरसा कृत प्रगट बुढ़ाई" में कौन सा अलंकार है?

(क) उत्प्रेक्षा

(ख) उपमा

(ग) रूपक

(घ) यमक

ix) 16 मात्राओं वाला छंद कौन–सा है?

(क) दोहा

(ख) सोरठा

(ग) चौपाई

(घ) सवैया

x) निम्नलिखित में से किस काल को हिंदी साहित्य का स्वर्ण युग कहा जाता है?

(क) आधुनिक काल

(ख) रीतिकाल

(ग) भक्तिकाल

(घ) आदिकाल

प्रश्न–2 रिक्त स्थानों की पूर्ति करें: (1×5=5)

1) ———————— पूजै हरि मिले तो मैं पूजूँ पहार।

2) छंदसारपिंगल की रचना ———————— ने की।

3) नारी तुम केवल ———————— हो विश्वास रजत–नग–पग तल में....।

4) प्रकृति के सुकुमार कवि ———————— थे।

5) नीति भक्ति और श्रृंगार की त्रिवेणी कही जाती है ————————।

प्रश्न–3 अतिलघु उत्तरीय प्रश्नः (दो या तीन वाक्यों में उत्तर दें) (2×5=10)

i) जैन साहित्य के दो प्रमुख कवि कौन थे?

.........................................................................

.........................................................................

.........................................................................

ii) खड़ी बोली को काव्य भाषा बनाने वाला प्रथम कवि कौन था? सोदाहरण बताइए।

.........................................................................

.........................................................................

.........................................................................

iii) पद्मावत काव्य में वर्णित कथा का नायक कौन है?

.........................................................................

.........................................................................

.........................................................................

iv) हिंदी साहित्य में भक्ति युग का आरंभ किस प्रकार हुआ?

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

v) रूपक अलंकार का एक उदाहरण दीजिए।

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

प्रश्न–4 लघु उत्तरीय प्रश्नः (पाँच वाक्यों में उत्तर दें।) (2×5=10)

निम्नलिखित अलंकारों में से किन्हीं दो की परिभाषा देते हुए उसे सोदाहरण समझाएँ।

अनुप्रास, यमक, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

प्रश्न–5 दीर्घोत्तरीय प्रश्नः (दस वाक्यों में उत्तर दें।) (2×10=20)

1) आपकी दृष्टि में कविता और छंद के बीच क्या संबंध है? कृपया विवेचना करें।

..............................................................................................

..............................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

2) हिंदी साहित्य में आपका सबसे प्रिय कवि कौन है? उसके रचनाकर्म पर प्रकाश डालते हुए उसकी काव्यगत विशेषताएँ बताएँ।

.......................................................................................

.......................................................................................

.......................................................................................

............................................................................................................

............................................................................................................

............................................................................................................

............................................................................................................

............................................................................................................

............................................................................................................

............................................................................................................

............................................................................................................

............................................................................................................

............................................................................................................

............................................................................................................

............................................................................................................

हिंदी माध्यम
HINDI MEDIUM

# एडवांस हिंदी डिप्लोमा परीक्षा – 2024
# ADVANCE HINDI DIPLOMA EXAMINATION – 2024

## प्रश्नपत्र-2 (खंड-क हिंदी गद्य तथा भारतीय संस्कृति)(खंड-ख प्रयोजनमूलक हिंदी)
## Question Paper–2 (Part-I Hindi Prose and Indian Culture) (Part-II Functional Hindi)

**पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग**
**Department of Correspondence Courses**
**केंद्रीय हिंदी निदेशालय**
**Central Hindi Directorate**

| | | |
|---|---|---|
| समय: 3 घंटे<br>Time : 3 Hours | प्रश्नपत्र–सह–उत्तरपत्र<br>(Question Paper-Cum Answer Sheet) | पूर्णांक : 100<br>Max. Marks : 100 |

नोट : कृपया सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर उनके उत्तर हिंदी में लिखें।
Note : Please read all the questions carefully and write down their answers in Hindi.

| परीक्षार्थी इस अंश को भरें<br>To be filled in by the Candidate | कार्यालय उपयोग हेतु<br>For Office Use Only |
|---|---|
| परीक्षा अनुक्रमांक<br>Exam. Roll No.............................. | प्राप्तांक<br>Marks Obtained.......................... |
| दाखिला संख्या<br>Admission No.............................. | परीक्षक के हस्ताक्षर<br>Sign. of Examiner........................ |
| परीक्षा केंद्र<br>Exam. Centre................................ | परीक्षक का नाम व पदनाम<br>Name & Designation of Examiner<br>.............................................. |
| | निरीक्षक के हस्ताक्षर<br>Signature of Invigilator<br>.............................................. |

## खंड–क हिंदी गद्य तथा भारतीय संस्कृति

प्रश्न–1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न। (10×½=5)

i) 'साहसेंद्र साहस' नाम से निम्नलिखित में किस अंग्रेजी ग्रंथ का अनुवाद भारतेंदु युग में हुआ?

(क) ऐज यू लाइक इट ☐

(ख) मर्चेंट ऑफ वेनिस ☐

(ग) मैकबेथ ☐

(घ) जूलियस सीज़र ☐

ii) 'नासिकेतापाख्यान' के रचनाकार हैं–

(क) लल्लू लाल ☐

(ख) सदल मिश्र ☐

(ग) मुंशी इंशाअल्ला खाँ ☐

(घ) लाला श्रीनिवासदास ☐

iii) निम्नलिखित में किसे आप एक आंचलिक उपन्यास कहेंगे?

(क) मानस का हंस ☐

(ख) तमस ☐

(ग) मैला आँचल ☐

(घ) सारा आकाश ☐

iv) रांगेय राघव की रचना 'तूफानों के बीच' की विधा है–

(क) रिपोर्ताज

(ख) संस्मरण

(ग) आत्मकथा

(घ) कहानी

v) लाजवंती का पति कहाँ नौकरी करता था?

(क) रावलपिंडी

(ख) लाहौर

(ग) कराची

(घ) मुल्तान

vi) 'देशप्रेम' निबंध में किस ऐतिहासिक संरचना को देखने जाने की चर्चा आचार्य शुक्ल ने की है?

(क) हंपी के अवशेष

(ख) कोणार्क का सूर्य मंदिर

(ग) साँची का स्तूप

(घ) मीनाक्षी मंदिर

vii) 'नीड़ का निर्माण फिर' आत्मकथा है–

(क) हरिवंश राय बच्चन की

(ख) निर्मल वर्मा की

(ग) महादेवी वर्मा की

(घ) वृंदावनलाल वर्मा की

viii) दुर्गा भाभी के गिरफ्तारी वांरट पर उनका 'नाम' अंकित था–

(क) शारदा बेन

(ख) यशोदा बेन

(ग) अहिल्या बेन

(घ) दुर्गा बेन

ix) महादेवी के पिता जिस डेली कॉलेज में नियुक्त थे, वह ............... शहर में स्थित था।

(क) इलाहाबाद

(ख) कलकत्ता

(ग) उज्जैन

(घ) इंदौर

x) नामकरण संस्कार किया जाता है–

(क) बच्चे के जन्म के दूसरे दिन ☐

(ख) बच्चे के जन्म के बारहवें दिन ☐

(ग) जन्म से दो माह की अवधि के पश्चात् ☐

(घ) जन्म के एक वर्ष के उपरांत ☐

प्रश्न–2 अतिलघु उत्तरीय प्रश्नः (अधिकतम दो वाक्यों में उत्तर दें) (2×5=10)

i) भारतेंदु युग के दो प्रमुख निबंधकारों के नाम लिखें।

.............................................................................................

.............................................................................................

ii) कहानी की परिभाषा एडगर एलेन पो के अनुसार क्या है?

.............................................................................................

.............................................................................................

iii) 'आशीर्वाद' कहानी में 'जिस प्रकार विद्यार्थी एक बार फेल होकर दूसरी बार परीक्षा में बैठते समय घबराता है' वाक्य से कहानीकार का अभिप्राय क्या है?

.............................................................................................

.............................................................................................

iv) कविता–लेखन 'इंपर्सनल' हुए बिना संभव नही है। हरिवंशराय बच्चन ने इसका क्या कारण बताया है?

....................................................................................................

....................................................................................................

v) हिंदू धर्म के अनुसार उल्लिखित चार आश्रमों के नाम क्रमवार लिखें।

....................................................................................................

....................................................................................................

प्रश्न–3 लघु उत्तरीय प्रश्नः (अधिकतम पाँच वाक्यों में उत्तर दें) (3×5=15)

i) भारतेंदु युग में अनूदित नाटकों की संक्षिप्त जानकारी दें।

....................................................................................................

....................................................................................................

....................................................................................................

....................................................................................................

....................................................................................................

....................................................................................................

....................................................................................................

ii) संकलन–त्रय से क्या समझते हैं?

....................................................................................................

....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

iii) कविता और गद्‌य की तुलना करते हुए बच्चन जी द्‌वारा उल्लिखित विचारों का सार प्रस्तुत करें।

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

iv) वेदों का संक्षिप्त परिचय दें।

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................

.....................................................................................

.....................................................................................

v) भारतीय संस्कृति में चार आश्रमों की अवधारणा है। इनमें ब्रह्मचर्य आश्रम की जीवन में क्या भूमिका है?

.....................................................................................

.....................................................................................

.....................................................................................

.....................................................................................

.....................................................................................

.....................................................................................

.....................................................................................

प्रश्न–4 दीर्घोत्तरीय प्रश्नः (दस वाक्यों में उत्तर दें) (10×2=20)

i) पठित रेखाचित्र के आधार पर महादेवी के पशु–प्रेम पर एक संक्षिप्त आलेख लिखें।

.....................................................................................

.....................................................................................

.....................................................................................

.....................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

ii) निबंध के प्रमुख तत्वों की संक्षिप्त जानकारी दें।

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

## खंड–ख : प्रयोजनमूलक हिंदी

प्रश्न–1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न । (10×½=5)

i) भारतीय संविधान किस अनुच्छेद में हिंदी को संघ की राजभाषा बनाया गया है?

(क) 343 ☐

(ख) 344 ☐

(ग) 344 ☐

(घ) 346 ☐

ii) अनुस्मारक पत्र लिखने का उद्देश्य है–

(क) दंडात्मक कार्रवाई का आदेश देना।

(ख) रिकॉर्ड की जाँच करना।

(ग) पूर्व के पत्राचार में उल्लिखित विषय का स्मरण कराना।

(घ) कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तारीख बढ़ाना।

iii) सूचना–प्रकाशन हेतु भारत सरकार की ओर से जारी होने वाला सरकारी पत्र है–

(क) श्वेत पत्र

(ख) हरित पत्र

(ग) नील–पत्र

(घ) पीत पत्र

iv) 'अंतरिम' का सही अंग्रेजी पर्याय है–

(क) Ad-hoc

(ख) Substitute

(ग) Competent

(घ) इनमें से कोई नहीं

v) 'Sanction Letter' के लिए सही हिंदी रूपांतरण होगा–

(क) जमानतनामा

(ख) संस्वीकृति पत्र

(ग) प्रार्थना पत्र

(घ) धरोहरनामा

vi) इनमें से किसे आप आगत शब्दों की श्रेणी में नहीं रखेंगे?

(क) अकादमी

(ख) संसद

(ग) तकनीक

(घ) सिगनल

vii) अंग्रेजी के एक सरल वाक्य में सही पद क्रम क्या होगा?

(क) Subject-Object-Verb

(ख) Verb-Subject-Object

(ग) Object-Verb-Subject

(घ) Subject-Verb-Object

viii) 'A garden of essays' का अनुवाद होगा–

(क) साहित्यिक अनुवाद

(ख) कार्यालयी अनुवाद

(ग) प्रशासनिक अनुवाद

(घ) वैज्ञानिक अनुवाद

ix) 'कार्यालय ज्ञापन' के अनिवार्यतः द्विभाषी होने का प्रावधान संबंधित है–

(क) राष्ट्रपति का आदेश, 1955

(ख) राजभाषा संकल्प, 1968

(ग) राजभाषा अधिनियम, 1963

(घ) राजभाषा नियम, 1976

x) हिंदी को 'राष्ट्रभाषा' के रूप में मान्यता दी गई है–

(क) अनुच्छेद–343

(ख) अनुच्छेद–345

(ग) अनुच्छेद–348

(घ) हिंदी को ऐसी कोई सांविधानिक मान्यता नहीं है।

प्रश्न–2 अतिलघु उत्तरीय प्रश्न: (एक या दो वाक्यों में उत्तर दें) (2×5=10)

i) अंतर्विभागीय टिप्पण का प्रयोग कब होता है?

..........................................................................................

..........................................................................................

ii) हिंदी में यह वाक्य कैसे लिखेंगे:

'The receipt of the letter has been acknowledged'

..........................................................................................

..........................................................................................

iii) सार–लेखन का मूल उद्देश्य क्या होता है?

..........................................................................................

..........................................................................................

iv) स्वतःपूर्ण टिप्पणी की आवश्यकता क्यों पड़ती है?

..........................................................................................

..........................................................................................

v) कार्यालयी हिंदी के दो अभिलक्षण बताएँ।

..........................................................................................

..........................................................................................

प्रश्न–3 अंग्रेजी पर्याय दें– (1×10=10)

i) जनहित याचिका ..................

ii) औचित्य ..................

iii) उपनिदेशक ..................

iv) अग्रिम ..................

v) अवर सचिव ..................

vi) अनुशंसा ..................

vii) बचत ..................

viii) अनुमोदन ..................

ix) नेमी ..................

x) आद्यक्षर ..................

प्रश्न–4 हिंदी पर्याय दें– (1×10=10)

i) Accountant General ..................

ii) Memorandum ..................

iii) Posting ..................

iv) Disciplinary matters ..................

v) Government Undertaking ..................

vi) Identification ..................

vii) Irrigation project ..................

viii) Drought ..................

ix) Invoice ..................

x) For perusal ..................

प्रश्न–5 मंत्रालय के संयुक्त सचिव की ओर से माननीय मंत्री जी के राज्य के दौरे के संबंध में संबंधित राज्य के मुख्य सचिव को एक सरकारी पत्र लिखें। (5×1=5)

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

प्रश्न–6 निम्नलिखित में से **किस एक** विषय पर 10 वाक्यों में एक संक्षिप्त आलेख लिखें।

(10×1=10)

(i) राजभाषा हिंदी के समक्ष चुनौतियाँ

(ii) स्वाधीनता आंदोलन, गाँधी और हिंदी

(iii) संयुक्त राष्ट्र में हिंदी

(iv) वैश्वीकरण का हिंदी पर प्रभाव

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................